प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.12.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई वस्तुओं पर टैक्स कम करने का प्रस्ताव पारित। फोर्टीफाइड चावल पर टैक्स दर घटाने की घोषणा।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के लिए निक्षय शिविरों का निरंतर आयोजन। रोगियों को पोष्टिक आहार किट का भी वितरण।

- राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत आपसी राजीनामे से विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा।

- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव के आसार–भरतपुर और कोटा संभाग में हो सकती है बारिश।

जैसलमेर में कल जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक संपन्न हुई, इसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, राज्यों के वित्त मंत्रियों और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कई वस्तुओं पर कर की दरें कम करने या छूट देने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के प्रशिक्षण भागीदारों को भी जीएसटी से छूट देने का फैसला किया गया है, लेकिन यह फैसला अधिसूचना जारी होने के बाद लागू होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों ने एयर टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी के दायरे में लाने का विरोध किया है, इसलिए इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। मंत्री समूह स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर कम करने पर आगे काम करेगा।

हमारे संवाददाता ने बताया कि जीन–थेरेपी को जीएसटी से छूट दी गई है। साथ ही बैंकों और एनबीएफसी के दंड शुल्क, देर से भुगतान शुल्क पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में टीबी मुक्त भारत, 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के लिए लगातार निःक्षय शिविरों का आयोजन कर रहा है। टीबी रोगियों को निःक्षय पोषण योजना का लाभ देने के साथ ही पौष्टिक आहार किट का भी वितरण किया जा रहा है। नई दिल्ली में कल केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त, 100 दिवसीय अभियान पर बैठक आयोजित हुई। श्री शर्मा मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़े। उन्होंने कहा कि इस 100 दिवसीय अभियान को लेकर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जयपुर से प्रयागराज की सीधी फ्लाइट शुरू होने जा रही है। ये साप्ताहिक उडान दस जनवरी से शुरू होगी और 21 फरवरी तक संचालित होगी। ये उडान हर शुक्रवार शाम 6 बजकर 5 मिनट पर जयपुर से रवाना होगी और 1 घंटे 50 मिनट में अपना सफर पूरा कर 7 बजकर 55 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी।

खादी देश की पहचान है। खादी के उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल और हानिकारक रसायनों से मुक्त होते है।

*खादी देश की पहचान है। खादी के उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल और हानिकारक रसायनों से मुक्त होते है। जयपुर में इन दिनों खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी चल रही है। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संघ की ओर से चल रही इस प्रदर्शनी के उत्पाद लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। इसमें करीब 200 स्टॉल्स लगाये गये है। इसमें कई प्रकार के ऊनी, सूती, रेशमी खादी वस्त्र हैं, साथ ही शॉल, दरी और नमदे भी है, जिन पर विशेष छूट दी जा रही है। वहीं ग्रामोद्योग उत्पादों में अचार, मसाले, नमकीन, पापड और सर्दी का विशेष व्यंजन तिलकुटा भी उपलब्ध है। इन उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता को देखते हुए अच्छी बिकी हो रही है। इसके साथ ही पूजा सामग्री और कई तरह के आयुर्वेद उत्पाद भी प्रदर्शनी में उपलब्ध है। खादी के उपयोग से कतिनो और बुनकरों को आर्थिक संबल मिलता है और ये आत्मनिर्भर भारत की और बढता कदम है।*

सवाईमाधोपुर और जैसलमेर सहित कई स्थानों पर आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें आपसी राजीनामे से विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार ये अदालत ऑफ लाईन के साथ–साथ ऑनलाईन के माध्यम से भी आयोजित की जायेगी। सवाईमाधोपुर जिले में इसके लिए दस बैंचों का गठन किया गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस पंकज भंडारी ने कल जयपुर में हाईकोर्ट परिसर में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।

पाली में कल से शुरू हुए रणकपुर महोत्सव में आज कई प्रतियोगिताएं होंगी। महोत्सव में कल पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि सैलानियों ने हॉट एयर बेलून सवारी का भी आनंद लिया। वहीं देश के विभिन्न भागों से आये कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया।

उदयपुर में राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारम्भ किया। लोकवाद्य नगाड़े का वादन कर उन्होंने उत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री बागडे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से लोककलाकारों, शिल्पकारों और हुनरमंद कारीगरों को मंच मिलता है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आज कोटा महोत्सव में भाग लेने का कार्यक्रम है।

प्रदेश में सकिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन भरतपुर, और कोटा संभाग में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। कई जगह बादल छाये रह सकते है। वहीं बीते 24 घंटों में तीन शहरों फतेहपुर माउंटआबू और हनुमानगढ के संगरिया में पारा 5 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। कई स्थानों पर घने कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अजमेर, वनस्थली, अलवर, जयपुर, पिलानी, सीकर, धौलपुर, बारां, डूंगरपुर, सिरोही, करौली, पाली, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर और नागौर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। हालांकि सर्द हवाओं का असर बना रहा।